षोडश बिहार विधान सभा

त्रयोदश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-05 बृहस्पतिवार, दिनांक- 04 जुलाई, 2019 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.06 बजे अपराह्न तक ।

[1] **प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या-04 लघु जल संसाधन विभाग में स्थानांतरण ।
(iii) 16 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(iv) 02 तारांकित प्रश्न अपुष्ट ।
(v) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-239 ग्रामीण विकास विभाग में स्थानांतरित ।
(vi) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-242 स्थगित ।
(vii) 72 तारांकित प्रश्न अनागत ।

आसन की अनुमति से माननीय सदस्य मो० आफाक आलम का तारांकित प्रश्न संख्या-259 सदन में पुट हुआ ।

[2] **कार्य स्थगन प्रस्ताव :-**

माननीय सदस्य श्री राजेश कुमार, श्री सदानन्द सिंह, श्री अवधेश कुमार सिंह, श्री ललित कुमार यादव, श्री भाई वीरेन्द्र, श्री सुदामा प्रसाद एवं श्री सत्यदेव राम द्वारा दिए गए कार्य स्थगन की सूचना को नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गई ।

[3] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया :-

(i) श्री अमीत कुमार
(ii) श्री विनोद प्रसाद यादव
(iii) श्री ललन पासवान

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए । आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से कहा गया कि वे अपने-अपने स्थान पर जा कर अपनी बातों को कहें ।

किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 05.03 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[4] **वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय व्ययक में सम्मिलित अनुदान की मांगों [खण्ड-2 (जल संसाधन विभाग, लघु जल संसाधन विभाग तथा विधि विभाग)] पर वाद-विवाद तथा मतदान :-**

माननीय प्रभारी मंत्री, जल संसाधन विभाग, श्री संजय कुमार झा द्वारा जल संसाधन विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य, श्री ललित कुमार यादव द्वारा अनुदान की मांग पर कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । अनुदान की मांग पर वाद-विवाद में निम्नलिखित माननीय सदस्यों ने अपना पक्ष रखा ।

(i) श्री भोला यादव

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री तारकिशोर प्रसाद ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री निरंजन कुमार मेहता

(iii) श्री अशोक कुमार

(iv) श्री राजेश कुमार

(v) श्री कुमार सर्वजीत

(vi) श्री सुबोध राय

(vii) श्रीमती गायत्री देवी

(viii) श्री विजय प्रकाश

(ix) श्री ललन पासवान

(x) श्री सिद्धार्थ

(xi) श्री सत्यदेव राम

(xii) श्री राजू तिवारी

(xiii) श्री शमीम अहमद

(xiv) श्री राजीव नन्दन

(xv) श्री चन्द्रसेन प्रसाद

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xvi) श्री विद्या सागर केशरी

तत्पश्चात् माननीय प्रभारी मंत्री जल संसाधन विभाग श्री संजय कुमार झा द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

तदोपरान्त माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा जल संसाधन विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[5] **निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 30 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक-05 जुलाई, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-04.07.2019

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।